Titel Code. : RAJHIN27802

वागड़ संदेश

रविवार
हम में से सब लोग महान काम नहीं कर सकते लेकिन महान प्यार के साथ हम कई छोटी-छोटी चीजें कर सकते हैं।

वर्ष-1 अंक-2 | सागवाड़ा, शुक्रवार,27 अगस्त, 2021 | अवधिः हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-4, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

सांसद कटारा ने नगरपरिषद में की जनसुनवाई

डूंगरपुर ।

बांसवाड़ा-डूंगरपुर संसदीय सीट से लोकसभा सांसद कनकमल कटारा ने शुक्रवार को डूंगरपुर नगर परिषद में जनसुनवाई की। नगर परिषद सभापति अमृत कलासुआ और आयुक्त नरपत सिंह राजपुरोहित की मौजूदगी में बड़ी संख्या में शहरवासी नगर परिषद पहुंचे और सांसद के समक्ष अपनी समस्याएं रखी। 50 से अधिक प्राप्त शिकायतों में लोगों ने अपने वार्ड के अंदर पानी, बिजली और टूटी सड़कों संबंधित समस्याएं रखी वही जन सुनवाई के दौरान अतिक्रमण, भूमि नियमन, खोंचा भूमि आवंटन और भवन निर्माण स्वीकृति संबंधी मामले आए जिस पर सांसद कनकमल कटारा ने सभी समस्याओं और शिकायतों को नगर परिषद के संबंधित सेक्शन के अधिकारी को सुपुर्द किया। साथ ही प्राप्त परियोजनाओं की जांच कर शीघ्र समाधान करने के निर्देश भी दिए। सांसद कनकमल कटारा ने कहा कि डूंगरपुर शहर में भाजपा ने लगातार सातवां बोर्ड बनाकर इतिहास रचा है और पूर्व के बोर्ड के अनुसार ही इस बोर्ड में भी शहर में विकास कार्य करवाए जाएंगे।

भीलूड़ा में आंखों का नि:शुल्क जांच शिविर 29 को

सागवाड़ा।

जिला अन्धत्व निवारण समिति अरावली एवं श्री जलाराम आरोग्य सेवा ट्रस्ट हॉस्पीटल मेघरज द्वारा निशुल्क आंखो की जांच का शिविर रविवार को भीलूड़ा में आयोजित होगा। स्व. लालजीभाई पाटीदार जनरल हॉस्पीटल में आयोजित इस शिविर में मरीजों के आंखों की नि:शुल्क जांच की जायेगी। सुबह 9 बजे से शिविर में जांच प्रारंभ होगी जो शाम 5 बजे तक चलेगी। वही जांच के बाद मोतियाबिंद के ऑपरेशन संस्था द्वारा नि:शुल्क किये जायेंगें। वही संस्था ने मरीजो से कोरोना गाइडलाइन की पालना करते हुए शिविर में आने की अपील की है। भारत विकास परिषद्, ग्राम पंचायत भीलूड़ा, हैल्प फाउंडेशन व हॉस्पीटल प्रशासन शिविर की तैयारियों में लगा हुआ है।

शिविर स्थान: स्व. लालजीभाई पाटीदार जनरल हॉस्पीटल, सेलोता रोड़ भीलूड़ा। संपर्क 02966 294815, 905 1532342, 9549 108 118, 9829059350

प्रधानाचार्य पाटीदार के बयान के खिलाफ निजी शिक्षण संस्थान ने जताया रोष

शिक्षामंत्री के नाम सौपा ज्ञापन, उच्च स्तरिय जांच कराने की मांग

सागवाड़ा।

उपखंड मुख्यालय पर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पुनर्वास कॉलोनी में कोविड़ गाइडलाइन के विरूद्ध विद्यालय में अध्ययन करवाने के मामले में शुक्रवार को नीजि शिक्षण संस्थान संघ ने पूर्व राज्यमंत्री दिनेश खोडनिया व उपखंड़ अधिकारी राजीव द्विवेदी को शिक्षामंत्री गोविन्दसिंह डोटासरा के नाम ज्ञापन सौपा। संगठन के पदाधिकारी व सदस्य नारे लगाते हुए सागवाड़ा गमरेश्वर महादेव मॉदिर से रैली के रूप में उपखंड़ कार्यालय पहुचे। जहा उपखंड़ अधिकारी को शिक्षामंत्री के नाम ज्ञापन सौपा। संघ ने ज्ञापन में बताया कि पुनर्वास कॉलोनी विद्यालय प्रशासन नियमों के विरूद्ध विद्यालय में अध्ययन करवाने के समाचार टी.वी. चौनलो व समाचारपत्रों में प्रकाशित हुए। इस पुरे मामले को लेकर नीजि शिक्षण संस्थानों की कोई भूमिका नही थी और विद्यालय प्रधानाचार्य डायालाल पाटीदार ने इस मामले को निजी विद्यालयों की साजिश बताया था। संघ ने इस बयान की घौर निंदा करते हुए कहा की कि इस मामले में कुछ अध्यापक द्वारा ट्युशन संचालन किया जा रहा है। इसकी उच्च स्तरिय जांच करने की भी मांग की है।

सोमपुरा सागवाड़ा नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष मनोनीत

सागवाड़ा। सागवाड़ा नगर पालिका में भाजपा पार्षद हरीश सोमपुरा को नेता प्रतिपक्ष मनोनीत किया गया है। सागवाड़ा नगरपालिका में वार्ड नंबर 13 से जीते हरीश सोमपुरा को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतिश पुनिया ने मनोनीत किया है।नगरवासियों ओर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सोमपुरा को बधाई दी

कलेक्टर ने मेडिकल कॉलेज भवन का किया निरीक्षण

डूंगरपुर। डूंगरपुर कलेक्टर सुरेश ओला ने आज थाणा स्थित मेडिकल कॉलिज भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने MBBS के चौथे बैच के शुरू होने से पहले जरूरी संसाधनों और सुरक्षा बंदोबस्तों को लेकर दिशा निर्देश दिए। मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ श्रीकांत के साथ भवन की वर्तमान स्थिति, कक्षा कक्षों और प्रयोगशाला को क्षमता को बढ़ाने, MBBS के चौथे बेच के लिए अतिरिक बॉयज और गर्ल्स होस्टल, बनाने के कार्य की प्रगति देखी। साथ ही लाइब्रेरी को बेहतर बनाने के लिए जरूरी बजट का प्रस्ताव तैयार करने को कहा। कलेक्टर ने कहा कि बाउंडरी असुरक्षित है ऐसे में ऊँचाई बढ़ाकर कटिदार तारो से फेंसिंग करने की हिदायत दी। वही मेस में भोजन सामग्री की खरीद में वरिष्ठ छात्रों की कमिटी बनाकर शामिल करने का सुजाव दिया। कलेक्टर ने कहा कि बिजली , पानी और सड़क से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिये जल्द ही तीनो महकमो के साथ मेडिकल कॉलेज प्रशासन के साथ बैठक रखी जायेगी।

अब अंग्रेज़ी के साथ हिन्दी में भी होगी इंजीनियरिंग

कलराज मिश्र ने विश्वविद्यालयों को कोर्स हिन्दी में तैयार करवाने के दिए निर्देश

जयपुर।

राजभवन से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलराज मिश्र ने कहा कि तकनीकी शिक्षा से जुड़ी पाठ्यसामग्री अंग्रेजी के साथ-साथ हिंदी और स्थानीय भाषाओं में भी तैयार करवाई जाए।

उन्होंने स्थानीय आवश्यकता के मुताबिक विद्यार्थियों में तकनीकी कौशल और दक्षता विकास के लिए प्रयास करने पर ज़ोर दिया। राज्यपाल ने कहा कि तकनीकी शिक्षा के महत्व को देखते हुए ही नई शिक्षा नीति में इसकी गुणवत्ता और व्यावहारिक प्रसार पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने तकनीकी शिक्षण संस्थाओं और विश्वविद्यालयों से शिक्षण प्रक्रिया में सुधार, शिक्षकों के गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण और विद्यार्थियों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाने की दिशा में लगातार प्रयास करने का आह्वान किया।

एसपी ने कुँआ में सीएलजी सदस्यों की लीबैठक

कुँआ ।

कुँआ मे पुलिस थाने में पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने सीएलजी सदस्यों ओर ग्रामीणों की बैठक ली। पुलिस अधीक्षकजोशी के कुँआ थाना पहुँचने पर कुँआ थाने के कार्मिको द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने बैठक में कोरोना काल मे सावधानी बरतने की बात बताई। वही नागरिक को से कोरोना गाइड लाइन की पालना करने की अपील की । साथ एसपी जोशी ने यातायात नियमो की पालना करने की बात कही। वही समय - समय पर ग्राम रक्षा दल के सदस्यों ओर पुलिस मित्रो के सहयोग लेने के बारे मे कहा। बैठक में महिपाल सिंह ने कुँआ थाना अधिकारी और कुँआ थाने के कार्मिको के कार्यो की की सराहना करते हुए कहा की कुँआ थाना क्षेत्र मे कोरोना काल मे भी पुलिस कार्मिको ने बहुत अच्छा सेवा कार्य किया है।

जिससे कुँआ थाना क्षेत्र मे मौते कम हुई। उन्होंने पुलिस प्रशासन के अच्छे कार्यो के लिये आभार व्यक्त किया इस दौरान कुँआ थानाधिकारी प्रवीण सिंह राजपुरोहित, ए एस आई तेजसिंह ,सरपंच शर्मिला डामोर, उपसरपंच रंजीता कलाल, वार्ड पंच रमण परमार, भरत कलाल, नरेश कलाल, गजेंद्र जैन, दिपेश त्रिवेदी, रमण लाल पंचोरी, रमेश यादव,महिपाल सिंह राठौड़, राजेश पटीदार, भगवान डामोर, भचड़िया सरपंच देवेंद्रजी, राकेश कलाल दिनेश डामोर, मानशंकरजीजयन्ती लाल, हिम्मत सिंह चुंडावत, चन्द्रवीर सिंह, जीवा यादव, गोधंन लाल जैन, खेमा भाई यादव,आदि भी मौजूद रहे। कुँआ थाना क्षेत्र के जन प्रतिनिधि सरपंच, वार्ड पंच, ओर सी एल जी सदस्य ओर ग्रामीण उपस्थित रहे।

किराये की दुकान में युवक की मिली लाश

बदबू फैलने से पता चला घटना का, बुचिया बड़ा का है मृतक

आसपुर।

डूंगरपुर जिले के सावला ब्लॉक स्थित मुगेंड गांव में बंद कमरे में तकरीबन 4 से 5 दिन पुरानी लाश मिलने से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। इस पूरी घटना की सूचना थाना अधिकारी पुलिस थाना साबला को दी गई।

जिस पर थाना अधिकारी मनीष खोईवाल मौके पर पहुंचे एवं घटना की जानकारी ली प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना का अभी कोई खुलासा नहीं हुआ है। मृतक व्यक्ति की शिनाख्त नाथू पिता वलमा यादव गांव बुचिया बडा उम्र करीब 35 के रुप में हुई है।

दुकान का दरवाजा तोड़ कर लाश निकालनी पड़ी। शव करीब चार दिन पुराना है। लोगों ने बताया कि मृतक मजदूरी करने के लिए किराये पर रह रहा था।

पोहरी खातुरातपीएचसी के बाहर हुए प्रसव के मामले मेंडॉक्टर व स्टाफ नर्सएपीओ

जिला कलेक्टर के निर्देश परसीएमएचओ ने किया एपीओ

डूंगरपुर (सपना शर्मा, ब्यूरो) । डूंगरपुर जिले की पोहरी खातुरात पीएचसी के डॉक्टर व स्टाफ के नदारद मिलने के चलते पीएचसी के बाहर हुए प्रसव के मामले में डूंगरपुर सीएमएचओ ने बड़ा एक्शन लिया है। जिला कलेक्टर सुरेश कुमार ओला के निर्देश पर पीएचसी के डॉक्टर व स्टाफ नर्स को सीएमएचओ डॉ राजेश शर्मा ने एपीओ कर दिया है । वही गार्ड को सेवा से बर्खास्त कर दिया है ।

डूंगरपुर सीएमएचओ डॉ राजेश शर्मा ने बताया की 25 अगस्त को प्रसव पीड़ा के चलते डोल कुंजेला निवासी लक्ष्मी रोत सुबह 8 बजकर 10 मिनिट पर पोहरी खातुरात पीएचसी पहुंचे थे लेकिन पीएचसी पर डॉक्टर व अन्य स्टाफ नदारद था वही गार्ड ने उनको अंदर घुसने नहीं दिया था। इसी बीच दर्द से तड़पती लक्ष्मी रोत ने अस्पताल के सामने ही जमीन पर ही एक बच्ची को जन्म दिया था। इस दौरान महिला की सास व बड़ी सास ने उसकी डिलेवरी करवाई थी। मामले में पोहरी खातुरात पीएचसी के डॉक्टर विनीत पुनिया व स्टाफ नर्स की लापरवाही के चलते कलेक्टर सुरेश कुमार ओला के निर्देश पर सीएमएचओ डॉ राजेश शर्मा ने दोनों एपीओ कर दिया है वही अस्पताल के गार्ड को सेवा से बखास्त कर दिया है

। साथ ही पूरे मामले की जांच एडिशनल सीएमएचओ को दी गई है।

पुनाली देर रात्रि हुई लूट का खुलासा चार अभियुक्त गिरफ्तार वारदात ने प्रयुक्त पावर बाइक भी जप्त

दोवडा (गजेन्द्र उपाध्याय) । दोवडा थाना पुलिस ने 19 अगस्त को पुनाली में बाइक सवार युवक के साथ हुई लूट के मामले का खुलासा कर दिया है । मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है । वही एक बाइक जब्त की है । दोवडा थाने के थानाधिकारी कमलेश चौधरी ने बताया की खलील निवासी राजेश यादव ने थाने में आकर रिपोर्ट दी थी । की वह 19 अगस्त को अहमदाबाद से बाइक पर अपने गाँव लौट रहा था इस दौरान रात करीब डेढ़ बजे पुनाली गाँव के पास दो बाइक पर चार बदमाश आये और उसकी बाइक को रुकवाया । वही उसके पास से उसके दो महंगे मोबाइल, बेग, हेलमेट व पर्स लूट कर फरार हो गए थे । पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की । वही आज पुलिस ने मामले में रणसागर निवासी अविनाश परमार, दिलीप डिन्डोर निवासी बिलडी, जितेन्द्र गमेती निवासी धुवाली और अखिल रोत निवासी भिंडा को गिरफ्तार किया है । पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने चारदात करना कबूल किया है । वही आरोपियों से लुटे गए मोबाईल अन्य सामान बरामद कर लिए है । आरोपियों ने वर्ष डे पार्टी बनाने के लिए पैसे की आवश्यकता होने पर लूट की वारदात को अंजाम दिया था । फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है ।

विवाहिता की जलने से मौत का मामला

पीहर पक्ष पर पति व बहिन को झूठा फंसाने के आरोप, कलेक्टर को सौपा ज्ञापन

डूंगरपुर (सपना शर्मा, ब्यूरो)। चौरासी थाना क्षेत्र के करावाड़ा गाँव में विवाहिता की जलने से मौत के मामले में विवाहिता के ससुराल पक्ष व समाज के लोग आज कलेक्ट्रेट पहुंचे । इस दौरान उन्होंने डूंगरपुर एएसपी को एसपी के नाम व एसडीएम को जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन देते हुए मामले में विवाहिता के पीहर पक्ष पर पति व बहिन को झूठा फंसाने के आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है । इस मौके पर सालमपुर गाँव के पाटीदार समाज के लोगो ने बताया की गाँव के तिलकेश पाटीदार की शादी करावाडा निवासी हर्षिता से वर्ष 2018 में हुई थी वही तिलकेश की बहिन कामिनी की शादी तिलकेश के साले से हुई थी । 19 जुलाई को तिलकेश की पत्नी हर्षिता ने अपने पीहर में ही खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी लेकिन माँ-बाप के दबाव के चलते मौत से पहले हर्षिता ने पति व ननद पर जलाकर मारने के आरोप लगाए थे । पीड़िता के बयान के चलते पुलिस ने तिलकेश व उसकी बहिन को गिरफ्तार कर लिया है । समाज के लोगो ने मृतका के परिजनों पर गलत फंसाने के आरोप लगाये है ।

सागवाड़ा नगरपालिका प्रशासन जुटा तैयारियों में

प्रशासन शहर के संग अभियान, 30 प्रकार के कामों का होगा समाधान

सागवाड़ा।

प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत सागवाड़ा नगर पालिका प्रशासन तैयारियों में जुटा हुआ है। नगरपालिका अध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया ने बताया कि शहरी क्षेत्र सागवाड़ा के रहवासियों की नगरीय निकायों से संबंधित समस्याओं के निस्तारण में आने वाले व्यवधानों और अवरूद्धों को दूर करते हुए प्रक्रिया का सरलीकरण कर त्वरित समाधान के लिए सरकार प्रशासन शहरों के संग अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत करीब 30 प्रकार के कार्यों का मौके पर ही समाधान हो जाएगा। अध्यक्ष खोडनिया ने बताया कि अभियान के तहत कार्यशाला में पूर्व अभियान वर्ष 2012 के 13 बिन्दुओं के अतिरिक्त भी 18 बिन्दुओं के प्रस्तावों के बारे में भी चर्चा की गई।

इस वर्ष के अभियान में अपंजीकृत पट्टे अथवा आवटंन पत्र, विक्रय विलेख का पुनर्वेध कर पंजीकरण कराने के कार्य, आवासीय क्षेत्रों अथवा कृषि भूमि पर बसी आवासीय कॉलोनियों के भीतर गैर आवासीय गतिविधियों का नियमितिकरण, ईब्ल्यूएस अथवा एलआईजी के 60 वर्गमीटर से कम क्षेत्रफल के भूखण्डों अथवा आवासों का आवंटन बहाल करना, गाडियाँ लुहारों, राजस्थान राज्य के विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्ध घुमन्तु एवं अर्द्ध घुमन्तु जातियों को आवास के लिए 100 वर्गगज के भूखण्ड नि:शुल्क आवंटन करना, विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र जारी करना, स्वच्छता अभियान के लिए जन जागरूकता एवं विकास कार्य तथा शहर को खुले में शौच मुक्त किए जाने के लिए व्यक्तिगत शौचालय के लिए घरेलू इकाई एवं सामुदायिक शौचालय स्थल का चिन्हीकरण एवं स्वीकृति जारी करना, सीवरेज कनेक्शन के लिए आवेदन प्राप्त कर स्वीकृति जारी करना एवं कनेक्शन किए जाने के कार्य होंगे। इसी प्रकार राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूहों का गठन, कौशल प्रशिक्षण के लिए युवाओं का चयनीकरण एवं आवेदन प्राप्त करना, स्व-रोजगार के लिए ऋण दिलवाने बाबत आवेदन प्राप्त करना एवं स्वीकृति जारी करना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में पात्र स्ट्रीट वेंडर्स को चिन्हित किया जाकर लेटर ऑफ रिकमेडेसन एंड सर्टिफिकेट ऑफ वेडिंग प्रमाण जारी करना ताकि ऐसे लोग अपना रोजगार सरलता से कर सके। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तथा निम्न आय वर्ग के व्यक्तियों को सस्ते मकान उपलब्ध करवाने के लिए प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी करना, मुख्यमंत्री जन आवास योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग तथा निम्न आय वर्ग के व्यक्तियों को सस्ते मकान उपलब्ध करवाने के लिए आय प्रमाण-पत्र जारी करना एवं योजनाएं तैयार करना, हाउसिंग फॉर ऑल मिशन के तहत आर्थिक दृष्टि से कमजोर आय वर्ग श्रेणी के भूखंडधारी से लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण के लिए अनुदान अथवा ऋण से जुड़ा ब्याज अनुदान योजना के लिए आवेदन प्राप्त करना एवं स्वीकृति जारी करना, वार्ड में बेघर व्यक्तियों अथवा परिवारों की पहचान कर आवास अथवा आश्रय स्थल के लिए प्रस्ताव तैयार करना। सड़क मार्गाधिकार एवं भवन रेखा निर्धारण करना, पार्कों एवं अन्य सुविधा क्षेत्रों का सीमांकन करना, पार्किंग स्थलों का चिन्हीकरण करना, श्मशान, कब्रिस्तान अथवा ग्रेवीयार्ड के लिए भूमि का चिन्हीकरण एवं आरक्षित करने का कार्य, राजकीय विद्यालय, राजकीय चिकित्सालय, आंगनबाड़ी, विद्युत निगम, जलदाय विभाग, बैंक, पोस्ट ऑफिस, पटवार पर,इन्दिरा रसोई एवं अन्य सरकारी,अर्द्ध सरकारी कार्यालयों के लिए भूमि का चिन्हीकरण करना तथा स्वच्छ भारत मिशन में सोलिड वेस्ट डिस्पोजल के लिए सरकारी भूमि का आवंटन करना जैसे कार्य किए जाने प्रस्तावित है। इसके साथ ही शहरी विकास को लेकर शहरवासियों से सुझाव भी लिए जाएंगे।

खोडनिया ने बताया कि अभियान से पूर्व जल्द ही कैंप लाग कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाएगा। पालिका के कर्मचारियों इसकी तैयारियों में जुटे हुए और साप्ताहिक रिपोर्ट नगरिय विकास विभाग को भेजी जा रही है।